मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126    PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY    संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ▪ अंक - 22 ▪ मुंबई, सोमवार, दिनांक 20 फरवरी से 26 फरवरी 2023 ▪ पृष्ठ : 4 ▪ कीमत : 3 /- रुपये

# शिवसेना के बाद अब मातोश्री भी जाएगा? बढ़ने वाली हैं उद्धव ठाकरे की मुश्किलें!




**मुंबई** : महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे गुट की बगावत के बाद शुरू हुई राजनीतिक हलचल एकबार फिर से बढ़ गयी है. शिवसेना का नाम और चुनाव चिन्ह शिंदे गुट को मिलने के बाद दोनों खेमे से राजनीतिक बयानबाजी का दौर जारी है. इस बीच चुनाव चिन्ह और नाम को लेकर खत्म हुई लड़ाई के बाद अब लड़ाई पार्टी की प्रॉपर्टी को लेकर शुरू हो सकती है. खबर है कि शिंदे गुट मातोश्री पर भी अपना दावा कर सकता है. वहीं 150 करोड़ के पार्टी फंड को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. जानकारों का कहना है कि पार्टी फंड भी शिंदे गुट के हाथ में जा सकता है. सीएम शिंदे गुट का पलड़ा हर तरह से भारी नजर आ रहा है.


उद्धव ठाकरे के साथ वाले सांसद और विधायक शिवसेना के व्हिप से जुड़े हैं. अब देखना है कि अगर शिवसेना कोई व्हिप जारी करती है तो क्या वे इसके खिलाफ जाते हैं, क्योंकि व्हिप के खिलाफ जाने पर पार्टी उन्हें अयोग्य घोषित कर सकती है. अगर ये सांसद-विधायक व्हिप के साथ जाएंगे तो उन्हें सरेंडर करना होगा. अब देखना है कि 27 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में इसे लेकर क्या होता है.

## आज का पड़ाव : रामनगरी अयोध्या




हमारे प्रधान संपादक श्री Chotelal Sharma जी भोर के समय अपनी एक सुंदर तस्वीर और तस्वीर के पीछे पावन पृष्ठभूमि साझा की। प्रभात काल में ऐसे पवित्र पृष्ठभूमि के दर्शन हो जाए यकीन मानिए इससे बेहतर दिन की शुरूआत दूसरी और कुछ हो नहीं सकती।

जी उन्होंने मुझे बताया भक्तों की मान्यता है हनुमानगढ़ी के 6 इंच की प्रतिमा के रूप में विराजमान हनुमान जी सदैव यहां वास करते है। भक्तगण यहां भगवान राम जी के दर्शन से पहले हनुमान जी के दर्शन करते हैं। संपादक जी ने आगे बताया कि हनुमान जी से आप सभी के कुशल कामना कर आज रात काशी के लिए रवाना होऊंगा कल महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आप सभी के सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना हेतु काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाऊंगा। तत्पश्चात दूसरे दिन सुबह मुंबई के लिए महानगरी एक्सप्रेस से प्रस्थान करुंगा। उन्होंने फोन चर्चा में मुझे बताया कि कई शुभचिंतकों ने प्रयागराज और उसके आस-पास के क्षेत्रों से मेरे स्वागत का अनुरोध किया परंतु सीमित समय और पूर्व निर्धारित यात्रा शेड्यूल के चलते मैंने सभी से विनम्रतापूर्वक माफी मांगते हुए अगली यात्रा में मिलने का भरोसा दिया।




डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C६१४७



संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# सांसत में सरकार

पिछले दिनों गैर-भाजपा शासित राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करके जो राजनीतिक ब्रह्मास्त्र चलाया है, उससे केंद्र की भाजपा सरकार सांसत में है। आर्थिक सुधारों व वित्तीय संतुलन की कवायद के बीच पुरानी पेंशन के देशव्यापी बोझ से अर्थव्यवस्था के दबाव में आने की आशंका जाने-माने अर्थशास्त्री जता रहे हैं। पिछले दिनों हिमाचल के चुनाव में ओल्ड पेंशन बड़ा सियासी मुद्दा बना, भाजपा ने उसकी कीमत भी चुकाई। बताते हैं कि पेंशन योजना लागू होने से राज्य पर नई पेंशन के मुकाबले चार गुना वित्तीय बोझ बढ़ेगा। ऐसे में पहले ही कर्ज में डूबी सरकारें वित्तीय सुशासन स्थापित कर पाएंगी, इस बात में संदेह है। वहीं केंद्र की तरफ से कोई वित्तीय सहयोग की बात नहीं कही गई है। पिछले दिनों कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व पंजाब सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू की है। दरअसल, 18 साल पहले पुरानी पेंशन योजना को बदलकर नई पेंशन योजना को लागू किया गया। पुरानी पेंशन का निर्धारण मूल वेतन और महंगाई भत्ते के आधार पर होता था। जबकि नई पेंशन योजना हेतु कर्मचारी के वेतन से काटे गये अंश से ही पेंशन दी जाती है। उसकी कोई न्यूनतम सीमा नहीं होती है और सेवा अवधि कम होने पर यह थोड़ी रह जाती है। कर्मियों के वेतन से कटे पैसे का पचासी फीसदी सरकारी प्रतिभूतियों तथा बाकी पंद्रह फीसदी खुले बाजार में निवेश किया जाता है, जिसकी आय से कर्मियों को पेंशन का भुगतान होता है। निस्संदेह, जीवन भर नौकरी के जरिये सेवा करने वाले व्यक्ति को बुढ़ापे के लिये आर्थिक संरक्षण जरूरी है। ये लोककल्याणकारी सरकारों का दायित्व भी होता है। लेकिन लोककल्याण का मतलब ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि देश की हालत श्रीलंका व पाकिस्तान जैसी हो जाए। इस योजना से कर्मचारियों में उत्साह है और अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठन इसे लागू करवाने के लिये दबाव बना रहे हैं। चिंता जताई जा रही है कि कहीं ये मुद्दा अगले आम चुनाव में भाजपा के लिये मुश्किलें पैदा न कर दे।

वहीं दूसरी ओर देश के कई जाने-माने अर्थशास्त्री और योजना आयोग के पूर्व डिप्टी चेयरमैन मोंटेक सिंह अहलूवालिया ओल्ड पेंशन योजना को अव्यावहारिक व भविष्य में आर्थिक कंगाली लाने वाला बता चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि दस साल बाद वित्तीय अराजकता पैदा हो जाएगी। उनके बयान के बाद इस मुद्दे पर नये सिरे से बहस छिड़ गई है। कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान योजना आयोग के डिप्टी चेयरमैन रहे अहलूवालिया नब्बे के दशक के बाद के तीन दशकों में देश के आर्थिक सुधार कार्यक्रमों से गहरे तक जुड़े रहे हैं। वे लुभावनी राजनीति करने वाले नेताओं को चेता चुके हैं कि एक अर्थशास्त्री के नाते मैं कहूंगा वे ऐसे कदम उठाने से बचें जो भविष्य में वित्तीय तबाही के कारक बन सकते हैं। दरअसल, अर्थशास्त्री मानते हैं कि देश की जनता को जागरूक करने की जरूरत है कि इस फैसले की भविष्य में हमें कीमत चुकानी पड़ेगी और विकास के हिस्से का धन गैर-उत्पादक कार्यों में खर्च होगा। कर्मचारियों को तो इसका लाभ होगा, लेकिन देश का बड़ा तबका उसकी कीमत चुकाएगा। केंद्र सरकार पर इसको लागू करने का दबाव होगा, लेकिन साथ ही इसके दूसरे पक्ष को भी लोगों को समझना चाहिए। आर्थिक पंडितों का मानना है कि राजनीतिक तौर पर लिये गये गैरजिम्मेदार फैसले की कीमत आगे आने वाली पीढ़ी को चुकानी पड़ सकती है। सर्वविदित है कि पेंशन का मामला राज्य सरकारों के अधीन होता है। राज्यों को इसी तरह उसके कार्यक्षेत्र में आने वाले कानून-व्यवस्था तथा बिजली आपूर्ति में सुधार के जरिये लोगों के जीवन में राहत लाने का प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, राजनीतिक व सामाजिक स्तर पर इस बड़े मुद्दे पर अखबारों व अन्य मीडिया के जरिये देश के व्यापक आर्थिक हितों को लेकर रचनात्मक बहस होनी चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि देश व राज्य के दीर्घकालिक भविष्य के लिये क्या जरूरी है। ऐसा न हो कि हमने पिछले दशकों में आर्थिक सुधारों से जो कामयाबी हासिल की है, उसकी दिशा उलटी हो जाये।

# ग्राम चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**सीखड़,** 17 फरवरी को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लालपुर ग्राम पंचायत धन्नुपुर मे खण्ड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीया की अध्यक्षता तथा विधायक प्रतिनिधि आनन्द शर्मा, शिवप्रताप दुबे, भाजपा मण्डल की उपस्थिति मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया । चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया ।चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़ कर सुनाया गया तथा उनकी शिकायत को सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया । मण्डल उपाध्यक्ष और महामंत्री द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई ।




ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे पशु चिकित्सक डा.वी.के.पटेल, एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह ,जेई एमाई उमाशंकर सिंह , प्रभारी सी डी पी ओ कुसुम लता राय, सचिव मुकेश पाण्डेय, सतेन्द्र यादव, प्रधान अजय कुमार यादव, सुबोध कुमार चौबे ,मण्डल मंत्री बब्ल पांडेय धीरज पांडेय,अजय कुमार मिश्र, उपेंद्र कुमार सिंह, पंचायत सहायक सुरभि सिंह, अमित सिंह, बी टी अनिल सिंह, पशु प्रसार अधिकारी अखिलेश सिंह,तकनीकी सहायक रामपति तथा ग्राम पंचायतों की एनम आशा कार्यकर्ता तथा आंगन बाड़ी कार्यकर्ती स्नेहलता पांडेय,लालमनी देवी, अनिता, सुदामा, मेनका, सफाई कर्मी सबिता देवी दयाराम सहित कृषि विभाग, एन आर एल एम विभाग,बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, पशु पालन विभाग सहित दोनों जगहों पर सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# 15 फरवरी को परसिया बलरामपुर में सुमित और शिवानी गुप्ता परिणय सूत्र के बंधन में बंध गए

**बलरामपुर,** सुमित कुमार गुप्ता सुपुत्र सतीश चंद्र गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष कमलापुरी वैश्य समाज ट्रस्ट मुंबई) व ग्राम परसिया, पोस्ट सादुल्लाह नगर, जिला बलरामपुर, उत्तर प्रदेश। शिवानी गुप्ता सुपुत्री दिलीप कुमार गुप्ता मसकनवा बाजार, गोंडा उत्तर प्रदेश, डी हाउस न. 1085 जहांगीरपुरी, दिल्ली. बबलू कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, रामचरन गुप्ता, शिवचरण गुप्ता, फुल



चंद्र गुप्ता, मूल चंद्र गुप्ता, डॉक्टर जगदीश चंद्र गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, विशाल कुमार गुप्ता, राममिलन गुप्ता (वालकेश्वर मुंबई), आरएन गुप्ता (कल्याण), सुशील गुप्ता (पवई अंधेरी), ज्ञानेश्वर प्रसाद गुप्ता, छोटे लाल शर्मा (संपादक कदम कदम पर मुंबई) की तरफ से नव वर-वधू को हार्दिक बधाई एवम शुभेच्छा! सतीशचंद्र गुप्ता ने शादी में आए सभी को वस्त्र व शाल उपहार दिया।

# गायक मनन खरवार को संगीतमय श्रद्धांजलि

**कुशीनगर:-** कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) जिले के बिहार खुर्द ग्राम समऊर बाजार निवासी और पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध होली गीत गायक मनन खरवार की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके बड़े पुत्र वरिष्ठ गायक राजबल्लभ खरवार के संयोजन और वरिष्ठ गायक नंदन कुशवाहा की अध्यक्षता में एक संगीतमय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार राय ने उनकी तस्वीर पर और कपिल कला केंद्र(दिल्ली) के महासचिव अमरदेव बहुगुणा ने गायक कलाकार रामरती मनन धुरी खरवार की स्मृति पट्ट पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर उन्हें भाव-पूर्ण श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में समाजवादी किसान नेता राजेश कुमार सिंह,प्रादेशिक खरवार सभा उत्तर प्रदेश जिला कुशीनगर अध्यक्ष और पूर्व ग्राम प्रधान रूदल खरवार,बसपा नेता अशोक भारती,डॉ सौदागर कुशवाहा,सेवानिवृत पीडब्लूडी राधा सिंह, डॉ अनिरुद्ध कुशवाहा,परमेश्वर ओझा,पप्पू चौरसिया,सूरज चौरसिया, सुहेल आलम,पारस शर्मा,धुरंधर चौहान,मनोज कुमार,शत्रुघ्न यादव(सभी पत्रकार)अध्यापक शैलेंद्र खरवार,गणेश कुमार,शंभू खरवार,संजय खरवर,संतोष खरवार,मुकेश खरवार,सुदामा खरवार के अलावा समऊर बाजार के तमाम व्यापारी लोग मौजूद थे। गायक कलाकार रामनाथ खरवार,रामदरस भारती,प्रभू खरवार आदि ने होली और भक्ति गीत प्रस्तुत कर स्व मनन खरवार को संगीतमय श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम का सूत्र संचालन अध्यापक और गायक ओमप्रकाश खरवार ने तथा भोजपुरी सिनेमा के कलाकार और टी सिरिज फेम गायक कलाकार धर्मेन्द्र खरवार ने सभी के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया।

**प्रस्तुति:-कपिलदेव खरवार**

# मनसे नेता का आरोप, संजय राउत ने किया महाराष्ट्र का अपमान, बोले- मैं होता तो थप्पड़ मार देता

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता और प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कथित तौर पर अश्लील और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए सांसद संजय राउत की खिंचाई की। देशपांडे ने कहा, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय राउत ने अश्लील और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। महाराष्ट्र को ऐसी भाषा बर्दाश्त नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि किसी ने उन्हें नहीं रोका। अगर मैं होता तो उसे थप्पड़ मार देता। इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। देशपांडे ने कहा, आप जितना चाहें राजनीतिक हो सकते हैं और आरोप लगा सकते हैं लेकिन इस तरह की अश्लील भाषा का इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संजय राउत का मानसिक संतुलन बिगड़ने का दावा करते हुए मनसे नेता ने कहा, जेल में रहने के बाद उनका दिमाग खराब हो गया है। देशपांडे ने आगे कहा कि




धनुष और तीर की लड़ाई हारने के बाद उद्धव ठाकरे विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। बार-बार बालासाहेब के नाम का सहारा ले रहे हैं। अब उनके पास कुछ नहीं बचा है, इसलिए वो विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मराठी लोग इमोशनल हैं, लेकिन मूर्ख नहीं। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने रविवार को आरोप लगाया कि शिवसेना पार्टी के नाम और उसके धनुष एवं तीर चिंह को लेने के लिए अब तक 2000 करोड़ रुपये का सौदा किया गया। चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नाम शिवसेना और चुनाव चिन्ह धनुष और तीर आवंटित करने के दो दिन बाद राउत की यह टिप्पणी आई है।

# मैनपाट महोत्सव में ऐश्वर्या के कथक ने दर्शकों का मन मोहा

## विभिन्न नृत्यों के माध्यम से ऐश्वर्या ने तिलिस्मी समां बांध दिया

**बिलासपुर,** छत्तीसगढ़। ख्याति प्राप्त कला गुरु पंडित सुनील वैष्णव वासंती वैष्णव के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा आयोजित प्रसिद्ध मैनपाट महोत्सव में ऐश्वर्या मेहता ने शिव स्तुति सहित अनेक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहा। ऐश्वर्या डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा है और हाई कोर्ट अधिवक्ता नीरज मेहता और





रश्मि मेहता की सुपुत्री है। ऐश्वर्या इससे पूर्व देशराज भिलाई कौशल महोत्सव रायपुर, जबलपुर, प्रणवम मधु गंजन बिलासपुर जैसे मंच में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। मैनपाट महोत्सव में उन्होंने पहली बार अपनी प्रस्तुति दी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु और माता-पिता को दिया है।ऐश्वर्या के गुरु पंडित सुनील वैष्णव और वासंती वैष्णव का कहना है कि राज्य में होने वाले ऐसे प्रतिष्ठित महोत्सव से स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। साथ ही उनकी कला का विकास भी होता है जिससे शास्त्रीय कला की ओर युवा आगे बढ़ते हैं और अपने आप को कला की दिशा में स्थापित कर पाते हैं।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की कैविएट, यह है वजह

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने चुनाव आयोग (ECI) के फैसले को चुनौती देने के लिए उद्धव ठाकरे समूह द्वारा दायर की जाने वाली संभावित अपील पर सुप्रीम कोर्ट में एक कैविएट दायर की है, जिसमें शिंदे को शिवसेना का नाम और उसका चुनाव चिह्न धनुष-बाण दिया गया है।

**बिना अधोहस्ताक्षरी नोटिस के मामले में कुछ भी न किया जाए**

शिंदे की ओर से अधिवक्ता अभिकल्प प्रताप सिंह द्वारा शनिवार को दायर एक पेज के कैविएट में शीर्ष अदालत में एक हाई-वोल्टेज कानूनी ड्रामा होने की उम्मीद में पहला कदम उठाते हुए कहा गया कि बिना अधोहस्ताक्षरी नोटिस के मामले में कुछ भी नहीं किया जाना चाहिए।

**ठाकरे गुट ने शुरू किया मंथन**

इस बीच, ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट ने ईसीआई के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती देने के लिए कानूनी रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए मंथन शुरू कर दिया है। समूह के नेताओं ने कहा कि सोमवार को तत्काल लिस्टिंग के लिए शीर्ष अदालत के समक्ष अपील का उल्लेख किया जाना तय है।

**आदेश पर रोक लगाने की कोशिश में ठाकरे गुट**

तत्काल राहत के रूप में, उद्धव ठाकरे गुट शिंदे और 15 अन्य बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए शीर्ष अदालत के समक्ष चल रही याचिका से इसे जोड़कर आदेश पर रोक लगाने की कोशिश कर रहा है। पार्टी नेताओं ने कहा कि वे यथास्थिति बनाए रखने का भी प्रयास करेंगे, जिसमें दोनों पक्षों को आगामी चुनाव लड़ने के लिए अस्थायी नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए गए थे।

## सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौत

**रायगढ़ :** रायगढ़ के पेन-खोपोली मार्ग पर वाकुल गांव के पास एक हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मोत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मोके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ के पेन-खोपोली रोड पर वाकुल गांव के पास इको कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भयानक हादसे के बाद हाइवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्रियों की मदद से हादसे के शिकार लोगों की मदद की गई।

## कारपेंटरों का 'रंग बरसे' 19 मार्च को

मुंबई। कारपेंटरों की सामाजिक संस्था कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से होली स्नेह सम्मेलन रंग बरसे कार्यक्रम का आयोजन रविवार 19 मार्च को मालाड स्थित बजाज हॉल में किया गया है। कार्यक्रम संयोजक गंगाराम विश्वकर्मा ने बताया कि भवन निर्माण व आंतरिक साज सज्जा से जुड़े कारीगरों के लिए रंग बरसे कार्यक्रम में फर्नीचर निर्माण संबंधित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी व सम - सामयिक मार्गदर्शन किया जायेगा। कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि रंग बरसे 2023 समारोह में होली, फगुआ व चैती गीतों के साथ गुलाब फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली जाएगी। संस्था के महासचिव दिनेश विश्वकर्मा ने कहा कि रंग बरसे कार्यक्रम में मुंबई सहित उपनगरों में रहने वाले कारपेंटर भाग लेंगे।

# किसी भी काम में लगन जरुरी - संध्या चंद्रसेन

**संवाददाता द्वारा**

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिए विभिन्न टिप्स

बिलासपुर, छत्तीसगढ़ । शिक्षोदय एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा एमएसएमई (माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज) में महिला समूह की सदस्यों को सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग शुरू करने के लिये रायपुर जिले के ग्राम चपोरा में मैनेजमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इसमें महिलाओं को 6 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया और विभिन्न मुद्दों पर जानकारी देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

इसमें संध्या चंद्रसेन ने स्वयंसेवी महिला समूहों को बताया कि किसी भी उद्योग को शुरू करने में क्या दिक्कतें



आती हैं और किस प्रकार उसमें सफलता प्राप्त की जा सकती है। संध्या चंद्रसेन ने कहा कि एमएसएमई के तहत आप लोग लोन लेकर अपने उद्योग को आगे बढ़ा सकते हैं।उन्होंने कहा कि महिलाएं कोई भी प्रोडक्ट बनाकर उसे पेटेंट करा सकती हैं और ऑनलाइन मार्केटिंग करके अपने उद्योग को आगे बढ़ाने सकती हैं । उन्होंने उद्योग आधारित शिक्षा प्रदान कर महिलाओं का आव्हान किया कि वे कोई भी लघु मध्यम उद्योग शुरू कर अपनी जीविका चला हैं। कार्यक्रम में श्रद्धा ने भी महिलाओं को समझाइश दी ।

शिक्षोदय संस्थान कार्यक्रम महिलाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान मेहतरीन बाई,सरिता सेन,निशा, सहोद्रा वर्मा, विद्या वर्मा, ललिता वर्मा,नेहा साहू,रेखा चौहान एवम अन्य महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्शाई।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
संरक्षक
जे.पी. शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
09819862172
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
09833329721
उप संपादक
हरिशंकर शर्मा (मुंन्ना)
राजन शर्मा
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
प्रतिनिधि
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
कानूनी सलाहकार
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं
व्हॉट्सएप नं. 9833235063
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com



मंचर राजगुरु नगर महाराष्ट्र निवासी शिवसेना के जेष्ठ नेता, सेन समाज महाराष्ट्र के जेष्ठ मार्गदर्शक, आदरणीय प्रकाश जी उर्फ बालासाहेब बनबेरू के सुपुत्र, शुभमंगल ग्रुप के संस्थापक, नारायणी सेना संगठन के पुणे कार्याध्यक्ष, नाशिक सेन समाज मंडल के ट्रस्टी, युवा नेता योगेश जी व सौ शिल्पा ताई को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनंदन आशीष।।
-सौ लता अशोक पवार- अशोक लालचंद पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।
सभी मान्यवर पदाधिकारी



वर्धा निवासी सेन समाज के मान्यवर श्री रामनाथ जी वैजापूर पधारे, उनका सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक लालचंद पवार khandalkar.

# पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी द्वारा वरिष्ठ कवयित्री आभा दवे का भव्य सम्मान



त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी सिलांग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय हिंदी विकास सम्मेलन में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए नामचीन कवयित्री साहित्यकार गीतकार आभा दवे जी को ह्लडॉ. महाराज कृष्ण जैन स्मृति सम्मानह्व प्रो. सत्यदेव पोद्दार कुलपति त्रिपुरा यूनिवर्सिटी के हाथों से प्रदान किया गया। इस भव्य समारोह में मुंबई से सुवर्णा अशोक जाधव, प्रभा शर्मा, ज्योति गजभिये और 18 राज्यों से बड़ी संख्या में साहित्यक ारों कवियों और कलाकारों ने भाग लिया। आयोजन में 10 पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया। साहित्यिक परिचर्चा हिंदी के प्रचार-प्रसार पर व्याख्यान एवं लघु कथा पाठ इस कवि सम्मेलन में मुशायरा, गजल, गीत, संगीत की प्रस्तुति की गई। जिसमें चर्चित कवयित्री आभा दवे एवं साथियों ने महाराष्ट्र गौरव गान जय जय महाराष्ट्र माझा, गर्जा महाराष्ट्र माझा प्रस्तुत कर महाराष्ट्र का गौरव बढ़ाया। मुंबई, ठाणे से आभा दवे की विशेष उपलब्धि पर विशिष्ट समाज सेवक बाबूलाल सिंह, छोटेलाल शर्मा, एन.बी. सिंह 'नादान', प्रमिला शर्मा, शिल्पा सोनटक्के, श्रीराम शर्मा, ओबैदुर्र रहमान, उमाकांत वर्मा, पवन शर्मा, पूजा सिंह, नीलम सोमाणी, मंजू गुलराजानी, रेहाना शेख, अवधेश विश्वकर्मा, वर्षा महेश, इत्यादि लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है।




# ‘11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022’ कार्यक्रम के स्थान में हुआ बदलाव

**अजय शास्त्री**

**नई दिल्ली।** समाज व देश हित में कार्य करने वाले व्यक्तियों को ‘बीसीआर अवार्ड’ से सम्मानित किया जाता है वह चाहे किसी क्षेत्र से हो। हमेशा की तरह इस बार भी ‘11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022’ आगाज हो चुका है और अंजाम तक पहुँचने के लिए तैयार है।

देश के कौने-कौने से नॉमिनेशन आने का सिलसिला अभी भी जारी है और चयन समिति द्वारा अवार्डियों का चयन किया जा रहा है।

आपको बता दें कि ‘बॉलीवुड सिने रिपोर्टर’ (समाचार पत्र) द्वारा ‘11वें बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022’ का आयोजन ‘मुक्तधारा ऑडिटोरियम, से बदलकर अब दिल्ली के हउअ, 1 - अशोका रोड, निअर बांग्ला साहिब गुरुद्वारा, नई दिल्ली-01 में 24 फरवरी 2023 को शाम 6 बजे कर दिया गया है। आप सभी लोग 24 फरवरी 2023 को नए स्थान हउअ, 1 - अशोका रोड, निअर बांग्ला साहिब गुरुद्वारा, नई दिल्ली-01 में पधारें।




कार्यक्रम के आयोजक अजय शास्त्री हैं, शास्त्री जी फिल्म निमार्ता-निर्देशक व बॉलीवुड सिने रिपोर्टर (समाचार पत्र) के संपादक-प्रकाशक होने के साथ-साथ ‘नार्थ इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डेवलपमेंट एसोसिएशन’ के फाउंडर प्रेजिडेंट भी हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री राम चंद्र जांगड़ा जी शिरकत कर रहे है और अपने हाथों से देश - विदेश से चुनी गई महान हस्तियों को सम्मानित करेंगे।

कार्यक्रम में कुछ अदाकार व गायक परफॉरमेंस भी करेंगे। कार्यक्रम के सहायक बलदेव बेदी, रचना शर्मा, अरविन्द राठौड़, सतबीर पाँचाल हैं। आयोजक शास्त्री जी के मुताबिक कार्यक्रम में देश के मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

## चाय–पान के लिए 2.38 करोड़ रुपए खर्च!

**मुंबई :** निवासस्थान पर आनेवाले मेहमानों पर मनमाने तरीके से खर्च करते हैं। अक्टूबर से दिसंबर तक मुख्यमंत्री बंगले पर सिर्फ चाय-पान के लिए २.३८ करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। आरटीआई में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास ‘‘वर्षा’’ बंगले में मेहमानों और खास लोगों के खाने पर तीन महीने में यह रकम खर्च की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता नितिन यादव ने यह जानकारी मांगी थी। यादव की ‘‘आरटीआई’’ के जवाब में एक जुलाई से ३१ अक्टूबर २०२२ तक मुख्यमंत्री के ‘‘वर्षा’’ आवास पर खान-पान पर हुए खर्च की पूरी जानकारी दी गई, जिसमें अक्टूबर से दिसंबर तक २.३८ करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इस जानकारी के बाहर आते ही लोग कहने लगे कि सही में खर्च किया गया है या इसमें भी झोल है।

आरटीआई में यह भी बताया गया है कि ९ अगस्त से १६ अगस्त, २०२२ के बीच सरकारी गेस्ट हाउस ‘‘स‘‘द्री’’ सभागार के किराए, नाश्ता, चाय और कॉफी पर ९१,५०० रुपए खर्च किए गए। साथ ही २२ जून से ३० सितंबर २०२२ तक मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित बैठकों और उनके दौरे के दौरान मंत्रालय के महत्वपूर्ण व्यक्तियों और अन्य अधिकारियों को मेहमाननवाजी के रूप में चाय, कॉफी और शीतल पेय पर लाखों रुपए खर्च किए गए। हालांकि, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अपने हवाई यात्रा खर्च, विदेश आवास खर्च, चाय पार्टी खर्च, विज्ञापन खर्च की जानकारी फिलहाल नहीं दी है। इस पर आरटीआई के माध्यम से जवाब मांगे गए हैं।

# अब शिंदे-उद्धव गुट के बीच शाखाओं को लेकर छिड़ सकती है सियासी जंग!

## EC के फैसले के बाद गरमाई सियासत

**मुंबई :** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा कि पार्टी का नाम ‘‘शिवसेना’’ और चुनाव चिह्न ‘‘तीर और कमान’’ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के पास रहेगा। हालांकि, चुनाव आयोग के इस फैसले को लेकर अब महाराष्ट्र में सियासी खींचतान देखने को मिल रही है। बता दें कि पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह एकनाथ शिंदे गुट के पास जाने के बाद अब पार्टी ऑफिसों के नियंत्रण को लेकर राज्य में नई लड़ाई दिखाई दे सकती है।

दरअसल, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने शनिवार को कहा है कि वह दादर स्थित पार्टी मुख्यालय शिवसेना भवन को अपने कब्जे में नहीं लेगी। हालांकि, शिंदे गुट को मिली बड़ी जीत के बाद पार्टी कार्यालयों को लेकर दोनों गुटों के बीच नई लड़ाई देख-ने को मिल सकती है। शनिवार को रत्नागिरी के दापोली में एक स्थानीय शाखा के नियंत्रण को लेकर दोनों पक्षों के बीच झड़प भी हुई।




इस बीच उद्धव ठाकरे गुट के पदाधिकारियों ने कहा है कि शाखा नेटवर्क अभी भी उनके साथ है और कहीं नहीं जाएगा। दूसरी ओर कुछ पर्यवेक्षकों ने कहा कि शिंदे गुट चरणबद्ध तरीके से शाखाओं को अपने नियंत्रण में ले सकती है। बताते चलें कि शिवसेना की मुंबई में 227 शाखाएं हैं और सीएम शिंदे के गढ़ ठाणे और मुंबई महानगर क्षेत्र में लगभग 500 शाखाएं हैं, लेकिन ज्यादातर शाखाएं प्रमुखों, स्थानीय नेताओं और ट्रस्टों के स्वामित्व में हैं। लगभग किसी भी शाखा का स्वामित्व शिवसेना पार्टी के पास नहीं है।

दरअसल, चुनाव आयोग द्वारा एकनाथ शिंदे के समूह को शिवसेना के रूप में मान्यता दिए जाने के साथ ही राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने शिवसेना के धन और वित्त पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। ठाकरे खेमे में इस बात की चिंता है कि आने वाले दिनों में शिंदे गुट पार्टी की जेब को भी नियंत्रित कर लेगा। शिंदे गुट के पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि शाखा प्रमुख अब वास्तविक शिवसेना के प्रति वफादारी की शपथ लेंगे और इसका पहला संकेत शाखाओं से उद्धव और आदित्य की तस्वीरों को हटाना होगा। इसकी जगह सीएम शिंदे की तस्वीर लगाई जाएगी।

शिवसेना (यूबीटी) ने शुक्रवार को कहा कि वह पार्टी के मूल नाम ‘‘शिवसेना’’ और उसके चुनाव चिह्न ‘‘तीर-कमान’’ को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता वाले गुट को देने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देंगे। शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता और सांसद संजय राउत ने चुनाव आयोग के कदम की आलोचना करते हुए कहा कि यह सच्चाई और न्याय का मजाक है।

# ऑटो में भी सुरक्षित नहीं महिलाएं! अमिताभ बच्चन के बंगले के पास 47 साल के शख्स ने की ऐसी करतूत




**मुंबई :** मुंबई में अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले ‘‘प्रतीक्षा’’ के पास एक महिला के साथ कथित छेड़खानी का मामला सामने आया है. कथित तौर पर जुहू इलाके में महिला के साथ एक ऑटोरिक्शा में छेड़खानी की गई. पुलिस ने मामले में एक्शन लिया है. बताया जा रहा है कि एक 47 वर्षीय शख्स ने महिला के साथ छेड़खानी की है. पुलिस ने आरोपी की पहचान अरविंद वाघेला के रूप में की है. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने आरोपी वाघेला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग करना) के तहत एफआईआर दर्ज की है.

फेरीवाला निकला आरोपी

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, 16 फरवरी की रात को जुहू में एक ट्रैफिक सिग्नल पर महिला के साथ उसके सहयात्री ने कथित तौर पर छेड़खानी की थी. पुलिस ने बताया कि आरोपी विलेपार्ले वेस्ट का रहने वाला है और वह फेरीवाले के रूप में काम करता है.

पुलिस ने आरोपी को ऐसे पकड़ा

आरोपी के खिलाफ महिला ने जुहू थाने में रात में ही करीब 10 बजे शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने शिकायतकर्ता से आरोपी का हुलिया पूछा और इलाके के करीब 15 सीसीटीवी खंगाले. फुटेज की पड़ताल के दौरान महिला के बताए अनुसार पुलिस को एक शख्स एक दुकान पर नजर आया. शिकायतकर्ता और ऑटोवाले ने भी फुटेज देखकर आरोपी की पुष्टि की. इसके बाद पुलिस को पता चला कि आरोपी सेंट जोसेफ चर्च इलाके फेरी लगाता है. पुलिस आरोपी की तस्वीर लेकर उसी इलाके में पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद उसे धर-दबोचा. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की. पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल लिया और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com